**August 08, 2026**

To,
The Manager - CRD
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Fort, Mumbai - 400001.

**Scrip Code - 539008**

Dear Madam/Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")**

Dear Madam/Sir,

In compliance with Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2026, approved by the Board of Directors in its meeting held on Thursday, August 06, 2026, were published in the Jaipur (Business Remedies) on August 08, 2026. The copies of the same are enclosed herewith.

The same is also available on the Company's website viz.
http://www.tirupatifincorp.in/

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You

For **Tirupati Fincorp Limited**

Anita Ramesh Chougule
Digitally signed by Anita Ramesh Chougule
Date: 2026.08.08 16:56:59 +05'30'

**Anita Chougule**
**Company Secretary and Compliance Officer**

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने खालापुर में अत्याधुनिक मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया

## इंडस्ट्री 4.0 आधारित संयंत्र स्वदेशी विनिर्माण को सशक्त करेगा और भारत के बढ़ते लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को समर्थन देगा

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**



गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट व्यवसाय के बिजनेस हेड, अनिल लिंगायत



गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट (एमएचई) व्यवसाय ने आज महाराष्ट्र के खालापुर में अपने अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र के संचालन की शुरुआत की घोषणा की। यह पहल स्वदेशी विनिर्माण को मजबूत करने और भारत के लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग तथा सप्लाई चेन क्षेत्र के अगले विकास चरण को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

360 एकड़ में फैले नौरोजी गोदरेज इंडस्ट्रियल पार्क के भीतर स्थित यह संयंत्र विनिर्माण, ई-कॉमर्स, क्विक कॉमर्स, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल और वेयरहाउसिंग जैसे क्षेत्रों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6,000 इकाइयों की है, जिसे मांग के अनुसार बढ़ाकर 15,000 इकाइयों तक किया जा सकता है। यह सुविधा गोदरेज की स्थानीय स्तर पर डिजाइन और निर्मित नवोन्मेषी मटेरियल हैंडलिंग समाधानों की आपूर्ति क्षमता को और सुदृढ़ करेगी। प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्रों, जैसे न्हावा शेवा पोर्ट और आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट स्थित होने के कारण यह संयंत्र घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से उपयुक्त है। यहां आर्टिकुलेटेड ट्रकों सहित विभिन्न मटेरियल हैंडलिंग समाधान निर्मित किए जाएंगे, जिसमें गोदरेज भारत की एकमात्र विनिर्माता कंपनी है। इन उत्पादों का निर्यात दुनिया के 40 से अधिक देशों में किया जाता है, जो कंपनी की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट व्यवसाय के बिजनेस हेड, अनिल लिंगायत ने कहा कि हमारे खालापुर संयंत्र का संचालन प्रारंभ होना भारत के मटेरियल हैंडलिंग विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह सुविधा उन्नत ऑटोमेशन, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग और स्वदेशी इंजीनियरिंग का समावेश करती है, जिससे तेजी से विकसित होते लॉजिस्टिक्स परिदृश्य के लिए विश्वस्तरीय समाधान उपलब्ध कराए जा सकेंगे। जैसे-जैसे भारत अपनी विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को सुदृढ़ कर रहा है, वस्तुओं की कुशल आवाजाही आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस संयंत्र के माध्यम से हम केवल अपनी उत्पादन क्षमता नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि मजबूत सप्लाई चेन के निर्माण, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और 'मेक इन इंडिया', 'पीएम गति शक्ति' तथा 'विकसित भारत' जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों में योगदान भी दे रहे हैं।'

भविष्य के लिए तैयार इस विनिर्माण केंद्र में रोबोटिक वेल्डिंग, स्वचालित पेंटिंग, डिजिटल असेंबली गाइडेंस, स्मार्ट क्वालिटी एश्योरेंस सिस्टम और एंड-ऑफ-लाइन टेस्टिंग जैसी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों एवं उन्नत ऑटोमेशन का समावेश किया गया है। संसाधन-कुशल विनिर्माण प्रक्रियाओं, स्वचालित पेंट सिस्टम और ऊर्जा दक्ष तकनीकों के माध्यम से स्थिरता को भी संचालन का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। हाल ही में इकोवाडिस गोल्ड मेडल से सम्मानित गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप वैश्विक स्तर पर स्थिरता प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकित शीर्ष 5 प्रतिशत कंपनियों में शामिल है। खालापुर संयंत्र गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, नवाचार-आधारित विनिर्माण और भारत को एक वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

## काजू महोत्सव 2026 की मेजबानी करेगा जयपुर




**जयपुर|बिज़नेस रेमेडीज।** ऑल इंडिया काजू एसोसिएशन (एआईसीए) और नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनडीएफसीआई) के संयुक्त तत्वधान में 9 अगस्त, को जयपुर में काजू महोत्सव 2026 का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगा।

एआईसीए काजू कन्वेंशन 2026 के साथ होने वाला इस महोत्सव में काजू के स्वाद, उसके अलग-अलग इस्तेमाल और उसकी खासियत को नए अंदाज में लोगों के सामने पेश किया जायेगा। कार्यक्रम में 13 जाने-माने शेफ काजू से बनी खास रेसिपीज तैयार करेंगे। वहीं, इनोवेशन जोन में काजू से जुड़े नए प्रोडक्ट्स और नए आइडियाज भी देखने को मिलेंगे। एक्सपीरियंस जोन में काजू की खेती से लेकर उसके पोषण और सेहत से जुड़े फायदों तक की जानकारी दी जाएगी। यहाँ स्वाद, नई सोच, संस्कृति और मनोरंजन का शानदार संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में लोग स्पिन द व्हील, गेस द काजू वेट, रिंग द काजू चैलेंज, इंटरैक्टिव गेम्स और आकर्षक इनामों जैसी मजेदार गतिविधियों का आनंद भी ले सकेंगे।

# पश्चिम एशिया में तनाव के चलते लाल हुआ बाजार, सेंसेक्स 456 अंक गिरा; निफ्टी 24,600 से नीचे फिसला

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच वित्तीय सेवाओं और बैंक शेयरों में गिरावट के चलते शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर नए सिरे से बनी अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने मध्य पूर्व में संभावित शांति समझौते पर संदेह पैदा कर दिया, जिसके चलते घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दबाव में रहे।

बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.59 अंकों यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,499.17 पर पहुंच गया, तो वहीं एनएसई निफ्टी 50 65.35 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,570.65 पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 0.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.05 प्रतिशत की गिरावट आई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई, तो वहीं निफ्टी ऑटो और निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली। निफ्टी50 इंडेक्स में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंडाल्को, एमएंडएम, एचसीएल टेक और एसबीआई के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज की गई। इसके विपरीत, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और श्रीराम फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले शेयरों में शामिल रहे।


## APM INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office: SP-147, RIICO Industrial Area, Bhiwadi, District Khairthal-Tijara, Rajasthan-301019
Corporate Office: 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
E-mail: csapmindustriesltd@gmail.com, Website: www.apmindustries.co.in
CIN No.: L21015RJ1973PLC015819, Phone No.: 011-26441015

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026**

(Rs. in lakhs except EPS)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2026 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) |
| Total Income from operations | 6,441 | 6,242 | 7,235 | 27,031 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 186 | (33) | (83) | 148 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 186 | (182) | (83) | (62) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 444 | (352) | (62) | (266) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 452 | (333) | (60) | (237) |
| Equity Share Capital | 432 | 432 | 432 | 432 |
| Other Equity | - | - | - | 16,262 |
| Earnings Per Share (of Rs. 2/- each) | | | | |
| 1. Basic (Rs.) | 2.05 | (1.63) | (0.29) | (1.23) |
| 2. Diluted (Rs.) | 2.05 | (1.63) | (0.29) | (1.23) |
| | Not Annualised | Not Annualised | Not Annualised | Annualised |

Notes : -

1. The above unaudited financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its Meeting held on August 07, 2026. The Statutory Auditors of the Company have carried out limited review of the aforesaid results.
2. The above is an extract of the detailed format of unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2026, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 along with Limited Review Report is available on stock exchange website at www.bseindia.com and on Company's website at https://www.apmindustries.co.in/wp-content/uploads/2026/08/June-30-2026.pdf. The same can be accessed by scanning the Quick Response Code provided below.

Place : New Delhi
Date : 07.08.2026

For APM Industries Limited
Rajendra Kumar Rajgarhia
Chairman and Whole time Director


# इंडियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन




**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

इंडियन बैंक द्वारा अपने 120वें स्थापना दिवस पखवाड़ा समारोह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चेन्नै स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय सहित पूरे देश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया एवं इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान भी किया।

इस शिविर में बैंक कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में बैंक के कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी और शिव बजरंग सिंह भी उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, नगर खण्ड II (दक्षिण), जयपुर

कमांक /अ.अ./न.ख.I (द0) / 2026-27/1340-1349 दिनांक:- 31/07/2026

**निविदा सूचना संख्या 17-18-19-20-21-22-23/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती के। निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाइन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| S.No. | NIT No./Year | Amount (in lacs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | 17/2026-27 | 11.55 | PHE2627WSOB03337 |
| 2 | 18/2026-27 | 7.70 | PHE2627WSOB03340 |
| 3 | 19/2026-27 | 15.39 | PHE2627WSOB03141 |
| 4 | 20/2026-27 | 7.86 | PHE2627WSOB03342 |
| 5 | 21/2026-27 | 7.86 | PHE2627WSOB03344 |
| 6 | 22/2026-27 | 9.09 | PHE2627WSOB03346 |
| 7 | 23/2026-27 | 9.09 | PHE2627WSOB03347 |

(देवेंद्र कुमार शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खण्डना (दक्षिण), जयपुर

DIPR/C/13609/2026


# रामराज कॉटन ने पंचा टीएम के लॉन्च के साथ ओडिशा की संथाली बुनाई परंपरा को पुनर्जीवित किया

**कोटा | बिज़नेस रेमेडीज**



रामराज कॉटन ने पंचा टीएम नाम से एक नई हैंडलूम पेशकश लॉन्च की है, जिसमें ओडिशा के मयूरभंज की पारंपरिक संथाली बुनाई को आधुनिक धोती के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पंचा के माध्यम से भारत की कम-ज्ञात बुनाई परंपराओं को पहचान दिलाने के अपने प्रयास को आगे बढ़ा रहा है, जिससे इस शिल्प को जीवित रखने वाली आदिवासी महिला बुनकरों को नई पहचान और आजीविका के अवसर मिल सकें।

लॉन्च के अवसर पर रामराज कॉटन के संस्थापक एवं चेयरमैन, द कल्चरप्रेन्योर के. आर. नागराजन ने कहा कि भारत की हैंडलूम विरासत बेहद विविधतापूर्ण है, लेकिन कई खूबसूरत बुनाई परंपराएँ आज भी केवल उन समुदायों तक ही सीमित हैं, जिन्होंने उन्हें जीवित रखा है। मयूरभंज की संथाली बुनाई ऐसी ही एक अनमोल विरासत है। हमारा मानना है कि इसकी मौलिकता बनाए रखते हुए इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचना चाहिए। 'पंचा' के माध्यम से हमने इस पारंपरिक बुनाई को धोती के रूप में नए स्वरूप में प्रस्तुत किया है, जिससे इस शिल्प के लिए एक नया अवसर तैयार हुआ है, साथ ही इससे जुड़ी कला और पहचान भी सुरक्षित बनी हुई है। हमें उम्मीद है कि यह पहल इस बुनाई के प्रति लोगों की सराहना बढ़ाएगी और उन महिला बुनकरों की आजीविका को मजबूत करेगी जिन्होंने इस परंपरा को आज तक जीवित रखा है।' संथाली आदिवासी समुदाय की महिलाएँ परंपरागत रूप से इस विशिष्ट बुनाई से साड़ियाँ बनाती रही हैं, लेकिन संरक्षण में कमी, बदलती जीवनशैली और बाजार के सीमित अवसरों के कारण पिछले कई दशकों में यह बुनाई धीरे-धीरे अपनी पहचान खोती गई। इसकी कलात्मक विशेषता और आज के समय में इसकी उपयोगिता को महत्व देते हुए, रामराज कॉटन के संस्थापक एवं अध्यक्ष के. आर. नागराजन ने अब पंचा के माध्यम से संथाली बुनाई को धोती के रूप में नया स्वरूप दिया है। पंचा बुनाई की पारंपरिक विशेषता को बरकरार रखते हुए एक नई और व्यापक पहचान देता है। इसका हर उत्पाद 100त्न कॉटन कपड़े से हाथ से बुना जाता है, जिसमें ऑफ-व्हाइट बेस, एजो-फ्री कलर, साधारण बुनाई और एक्स्ट्रा-वेफ्ट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है; जो उन बुनकरों की उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी जीवित रखे हुए हैं। पंचा 7 अगस्त से चुनिंदा रामराज कॉटन एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर तथा ऑनलाइन रामराज कॉटन की आधिकारिक वेबसाइट https://ramrajcotton.in/collections/panchaa-handwoven-dhotis पर उपलब्ध होगा।


## बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 1, तारानगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006, फोन : 9214018877
Email : bfldevelopers@gmail.com • Website : www.bflfin.com • CIN: L45201RJ1995PLC010646

**वीडियों कान्फ्रेंसिंग ("वीसी") और अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") द्वारा आयोजित होने वाली 31वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में सदस्यों को सूचना**

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 31वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2026 को दोपहर 03:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर, 2025 एवं इस संबंध में समय-समय पर जारी पूर्ववर्ती परिपत्रों ("एमसीए परिपत्र") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सेबी सूचीबद्धता विनियम") के अनुपालन में आयोजित की जाएगी। बैठक में एजीएम की सूचना में उल्लिखित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा तथा यह सदस्यों की किसी साझा स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित होगी।
बीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत कोरम के उद्देश्य से उपस्थित माना जाएगा।
2. एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों की अनुपालना में, कंपनी की एजीएम का नोटिस, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के साथ ही निदेशक मंडल की रिपोर्ट, अंकेक्षकों की रिपोर्ट व अन्य आवश्यक दस्तावेज कंपनी के उन सभी सदस्यों को उनके ई-मेल पते पर भेजा जाएगा जिनके ईमेल पते शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 तक कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") / निर्गम के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता ("आरटीए") के यहां पंजीकृत हैं। उक्त सभी दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.bflfin.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे। सदस्यों को इनकी भौतिक प्रति नहीं भेजी जायेगी।
जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए आरटीए/ कंपनी/ डिपॉजिटरी के रिकार्ड में पंजीकृत पते पर एक पत्र भेजा जाएगा, जिसमें उस वेबसाइट का सटीक वेब-लिंक होगा, जहां संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट से संबंधित विवरण उपलब्ध है।
3. ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराने की प्रक्रिया :

| | |
|---|---|
| भौतिक होल्डिंग | भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले ऐसे सदस्य, जिन्होंने अपना ई-मेल पता और/अथवा बैंक खाते का विवरण पंजीकृत/अपडेट नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित विधिवत भरा एवं हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-1 प्रस्तुत कर अपने उक्तविवरण का पंजीकरण/अद्यतन कराएं। यह प्रपत्र कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता ("आरटीए") एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड के निम्न पते पर भेजा जा सकता है- 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020। उक्तप्रपत्र आरटीए की वेबसाइट https://www.mcsregistrars.com/downloads.php से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। |
| डीमैट रूप में धारित शेयर | डीमेट रूप में कंपनी के शेयर रखने वाले जिन सदस्यों ने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के यहां ई-मेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं कराए हैं, उनसे निवेदन है कि वह उन डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के यहां अपने ई-मेल पते पंजीकृत/अपडेट करा लें जहां उनके डीमेट खाते हैं। |

4. ई-वोटिंग के जरिए वोट डालने की प्रक्रिया :
कंपनी की एजीएम के नोटिस में शामिल व्यवसायों पर वोट डालने के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग माध्यम (ई-वोटिंग) के जरिए उनका वोट डालने का अवसर मिलेगा।
डीमेट रूप व भौतिक रूप में कंपनी के शेयर रखने वाले सदस्यों एवं ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराने वाले सदस्यों के लिए एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग में भाग लेने या ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए वोट डालने से संबंधित प्रक्रिया का विवरण कंपनी की एजीएम के नोटिस में दिया गया है। यह विवरण कंपनी की वेबसाइट www.bflfin.com पर भी उपलब्ध है।
इस संबंध में किसी प्रकार का संचार/शिकायत के लिए सदस्य कंपनी के आरटीए को ई-मेल पते helpdeskdelhi@mcsregistrars.com पर लिख सकते हैं।
उपरोक्त सूचना कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी एवं लाभ के लिए तथा संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में जारी की जा रही है।

वास्ते- बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड
हस्ता./-
महेन्द्र कुमार बैद
प्रबन्ध निदेशक (DIN: 00009828)

स्थान : जयपुर
दिनांक : 07 अगस्त, 2026



## TIRUPATI FINCORP LIMITED

Tirupati Fincorp Limited
CIN: L67120RJ1982PLC002438
Regd. Office: Flat no. G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg C-Scheme, Jaipur Rajasthan, Jaipur - 302001
Tel:+91 022 71148504 | Email: tirupatifincorp31@gmail.com | Web: http://www.tirupatifincorp.in/

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026**

(Amounts in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS – Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 30.06.2026 Unaudited | As on 31.03.2026 Audited | As on 30.06.2025 Unaudited | As on 31.03.2026 Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 558.60 | 410.56 | 1032.31 | 2512.54 |
| 2. | Total Expenses | 86.33 | 896.37 | 810.71 | 3185.82 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 471.87 | (485.81) | 221.60 | (673.28) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax | 350.99 | (437.36) | 165.84 | (575.96) |
| 5. | Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 365.14 | (437.36) | 165.84 | (575.96) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital ( FV 10/- each) | 531.17 | 531.17 | 53.12 | 531.17 |
| | Basic | 6.61 | (8.23) | 31.22 | (10.84) |
| | Diluted | 6.61 | (8.23) | 31.22 | (10.84) |

(Amounts in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE FINANCIAL RESULTS – Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 30.06.2026 Unaudited | As on 31.03.2026 Audited | As on 30.06.2025 Unaudited | As on 31.03.2026 Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 558.60 | 410.56 | 1032.31 | 2512.54 |
| 2. | Total Expenses | 86.33 | 896.37 | 810.71 | 3185.82 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 472.27 | (485.81) | 221.60 | (673.28) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax | 351.39 | (437.36) | 165.84 | (575.96) |
| 5. | Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 14.15 | - | - | - |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital ( FV 10/- each) | 531.17 | 531.17 | 53.12 | 531.17 |
| | Basic | 6.62 | (8.23) | 31.22 | (10.84) |
| | Diluted | 6.62 | (8.23) | 31.22 | (10.84) |

Note:

1. The above Unaudited Financial Results along with limited review have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 06.08.2026.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out limited review of the above Financial Results for the period ended 30.06.2026
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with IND AS prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder.
4. The figures of Quarter ended 31st March, 2026 are the balancing figures between full year ended 31st March, 2026 and nine month ended 31st December, 2025 for comparative year respectively
5. The Figures for the corresponding previous periods have been regrouped/ reclassified wherever necessary, to make them comparable.
6. RBI via its letter dated 12th June, 2025 had rejected the application for grant of Certificate of registration to carry on the business of NBFC. The company has been advised not to transact any business of the NBFC as defined in Section 45-IA(a) of the RBI Act 1934. The company had disclose the same under regulation 30 of the SEBI LODR regulation, 2015.
7. The company has filed a request letter to RBI seeking an extension of Six months to compliance with the requirements under applicable RBI guidelines. The outcome of the same is awaited and shall be informed to the stock exchanges upon receipt from RBI.
8. The Company was hit by a ransom ware cyber attack on 3rd July, 2026 and all the financial data including backups were compromised and the company could not recovered it. The Management is of the view that there is no financial loss due to this event.
9. The Company has Subscribed to a wholly owned subsidiary TFL Supereco Automotive Private limited incorporated on 02nd June, 2026
10. The Figures for the corresponding previous periods has been regrouped/ reclassified wherever necessary, to make them comparable.

The full format is also available on the website of the company i.e. http://www.tirupatifincorp.in/ and BSE's Website i.e. https://www.bseindia.com.

For Tirupati Fincorp Limited
Sd/-
Arvind Gala
Director
DIN: 02392119

Place: Jaipur
Date: 08.08.2026